## खबर संक्षेप



फतेहाबाद। लाखों की हेरोइन सहित पकड़े गए चार तस्कर।

### हेरोइन सहित चार तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फतेहाबाद पुलिस की सीआईए टीम ने लगभग 80 लाख रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट कार भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पकड़े गए युवकों की पहचान रिन्कू पुत्र धीर सिंह, रूप सिंह उर्फ गोरू पुत्र धीर सिंह, सोनी पुत्र मखन सिंह निवासी सरदारेवाला तथा संदीप उर्फ सीपा पुत्र सतपाल निवासी मत्तड़ के रूप में हुई है।

### इग्नू में 2025 के लिए री रजिस्ट्रेशन 15 तक

**सिरसा।** इग्नू स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र जुलाई 2024 में इग्नू में दाखिला लिया था और जिन्होंने अभी तक अगली कक्षा के लिए अपना री रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया, वे विद्यार्थी 15 सितंबर 2025 तक 200 रुपए लेट फीस के साथ अपना री रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इग्नू में जुलाई 2025 के लिए री रजिस्ट्रेशन करने के लिए एक सुनहरा अवसर देते हुए 15 सितम्बर 2025 तक तिथि बढ़ाने की सूचना इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र करनाल से मेल द्वारा प्राप्त हुई है।

### नोटों की माला लेकर फरार आरोपी काबू



**नूंह।** निरीक्षक सुभाषचंद प्रभारी थाना पिनगवां के नेतृत्व में गठित टीम ने 4 सितंबर को हुई 15 लाख रुपए की नोटों की माला धोखाधड़ी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जाहिद खान (22) पुत्र मकसूद निवासी खेडला थाना पुन्हाना जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए वारदात की पूरी कहानी बयान कर दी। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी हरिंदर कुमार डीएसपी नूँह ने दी।

### बैंक कर्मचारी बताकर ठगी, 2 आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता धारक व खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सेक्टर-82 वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसको यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की फरीदाबाद ब्रांच मे लाइफ सर्टीफिकेट जमा करवानी थी। जिसके लिए उसने बैंक की वेबसाइट पर जाकर ब्रांच का नंबर खोजा और कॉल की परंतू कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद उसके खाते से कुल 1155000 रुपये कट गए। जिस पर साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### संदिग्ध हालत युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**सोनीपत।** पीतमपुरा इलाके में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया। युवक घर पर ही मौजूद था और शराब के नशे में था। इसी दौरान उसने अचानक जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक के इस कदम के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शराब के नशे में उसने यह कदम उठाया या किसी और वजह से जांच की जा रही है।

**सीआईए की कार्रवाई:** भिवानी कोर्ट में हुई फायरिंग मामले में आरोपी की थी तलाश

# सिरसा के बदमाश का भिवानी पुलिस ने फतेहाबाद में किया एनकाउंटर

*फतेहाबाद के सिरसा रोड पर गांव दरियापुर और करनौली के बीच हुई इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से जमकर फायरिंग में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद बदमाश को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

भिवानी कोर्ट में हुई फायरिंग मामले में आरोपी की तलाश कर रही सीआईए भिवानी की टीम और एक आरोपी के बीच फतेहाबाद में मुठभेड़ हो गई। फतेहाबाद के सिरसा रोड पर गांव दरियापुर और करनौली के बीच हुई इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। इस फायरिंग में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। आरोपी की पहचान रोहित निवासी रंगनीखेड़ा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। पैर में गोली लगने से घायल युवक को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सोमवार को पुलिस टीम मुठभेड़ वाली जगह पर जांच पड़ताल में जुटी रही। सूचना मिलते ही फतेहाबाद पुलिस की सीन ऑफ क्राइम की टीम भी मौके पर पहुंच गई और साक्ष्य जुटाए।



फतेहाबाद। मौके पर जांच पड़ताल करती सीन ऑफ क्राइम की टीम। फोटो: हरिभूमि

### आरोपी ने पुलिस पर की थी फायरिंग

आरोपी की पहचान सिरसा के गांव रगड़ी खेड़ा हाल सिरसा के प्रीत नगर वाली गली नंबर-14 निवासी रोहित के रूप में हुई है। आरोपी ने पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किए थे। जो सीआइए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने आत्मरक्षा और आरोपी के जवाबी फायर में फायर किया था। जिसमें आरोपी रोहित के पैर में एक गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए पहले सामान्य अस्पताल फतेहाबाद बाद में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। आरोपी रोहित 4 सितंबर को गोली चलाने की वारदात में दोनों आरोपियों के साथ शामिल था। पुलिस टीम के द्वारा मौके से एक अवैध हथियार को भी बरामद किया गया है। पुलिस टीम इस केस में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

### भिवानी कोर्ट में पेशी पर आए दिनोद के दो युवकों को निशाना बनाते हुए की थी फायरिंग

बता दें कि भिवानी कोर्ट में पिछले वीरवार को पेशी पर आए गांव दिनोद के दो युवकों को निशाना बनाते हुए दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। दोनों हमलावर युवक हवाई करते हुए मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में इंस्पेक्टर रविन्द्र के नेतृत्व में भिवानी सीआईए की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। भिवानी सीआईए पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी रोहित फतेहाबाद के पास के किसी क्षेत्र में देखा गया है। इस पर भिवानी सीआईए की टीम इंस्पेक्टर रविंद्र के नेतृत्व में वहां पहुंची तो आरोपी रोड किनारे खड़ा था।

### जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया

आरोपी भागने के लिए किसी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। उसी समय पुलिस को अपनी ओर आते देखा तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने भी बदमाश पर गोलियां चलाई। इस फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। आरोपी रोहित सिरसा के गांव रंगड़ीखेड़ा का निवासी है। वह फिलहाल सिरसा शहर में ही प्रीत नगर में रह रहा था। बाद में घायल बदमाश को पहले फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में भी फायरिंग के आरोप में केस दर्ज किया जाएगा।

*मोटे ब्याज पर देते थे पैसा, नहीं देने पर किया प्रताड़ित, आरोपियों ने की मारपीट*

# फरीदाबाद पुलिस ने दो सूदखोर किए अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद



फरीदाबाद में संजय कालोनी थाना पुलिस ने दो सूदखोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक व्यक्ति को ब्याज के पैसे के लिए परेशान कर रहे है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। दुर्गा कॉलोनी के रहने वाले नरेश ने संजय कालोनी चौकी पुलिस को शिकायत दी है। जिसमें उसने बताया कि दुर्गा कॉलोनी के रहने वाले मोनू भाटी और पलवल के गांव असावटा के रहने वाले विपिन से ब्याज पर कुछ पैसे लिए थे। वह आरोपियों को समय पर उसका ब्याज दे रहा है। लेकिन उससे ज्यादा ब्याज की मांग करके उसको परेशान किया जा रहा है। संजय कालोनी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मोनू भाटी (32) निवासी दुर्गा कॉलोनी व विपिन कुमार (39) निवासी गांव असावटा पलवल को गिरफ्तार किया है।

*एक लाख की उधारी चुकाने के लिए 5.77 लाख दे चुका, फिर भी आठ लाख बकाया दिखाए*

# फाइनेंसरों से तंग होकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

बासड़ी गांव में एक व्यक्ति ने फाइनेंसरों की ज्यादति से परेशान होकर मौत को गले लगा लिया। मृतक बलजीत सिंह की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जबकि उनके बेटे अंकित ने पुलिस को लिखित शिकायत भी दी है, जिसके आधार पर सतनाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बासड़ी निवासी बलजीत सिंह पुत्र रामकुमार ने सुबह करीब चार बजे गांव के जोहड़ पर जाकर पेड़ से फंदा लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के बेटे अंकित ने बताया कि पिता बलजीत सिंह ने सतनाली निवासी राजेंद्र उर्फ मुन्ना से एक लाख रुपये लिए थे। ये बातें उसके पिता ने उसके भाई को बताई थी कि एक लाख रुपये की एवज में बयाज के पांच लाख 77 हजार हजार रुपये दे चुका है। उसके पिता ने उसे भी बताया था कि पैसे देने के बाद भी राजेंद्र उर्फ मुन्ना उस पर दबाव बना रखा है और बहुत ज्यादा परेशान करने लग रहे थे।

**पुलिस और बाल संरक्षण समिति पंचकूला की टीम की रेड**

# होटल से कई लड़के-लड़कियां पकड़े

*कार्रवाई से होटल, कैफे और स्पा सेंटरों में अफरातफरी मच गई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल के मुगल कनाल स्थित एक होटल में पुलिस और बाल संरक्षण समिति पंचकूला की टीम ने ज्वाइंट रेड की। टीम की एंट्री होते ही होटल, कैफे और स्पा सेंटरों में अफरातफरी मच गई। जांच के दौरान इन जगहों से कई लड़के और लड़कियां मिलीं। जिन्हें पुलिस ने मौके से डिटेन कर लिया। हालांकि पुलिस की तरफ से अभी तक यह साफ नहीं किया गया है कि कुल कितने युवक-युवतियां पकड़े गए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस पहले से ही कैफे और स्पा सेंटरों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते दिनों भी छापेमारी में यहां से लडक़े-लड़कियां पकड़े गए थे। कैफे में छोटे-छोटे कैबिन बनाए जाते हैं, जिनमें स्कूल के बच्चे तक आने लगे हैं इन बच्चों से कैफे संचालक 200 रुपए प्रति घंटे का किराया वसूलते हैं। लेकिन इन कैफों में कॉफी परोसने के बजाय गलत काम हो रहे हैं। इसी वजह से पुलिस ने पहले से ही इन पर कड़ी नजर रखी हुई थी।

### पेट्रोल पंप लगवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलवाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुशील निवासी कुमासपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

**कहासुनी पर सहपाठी ने दिया वारदात को अंजाम**

# प्राइवेट स्कूल में छात्र को घोंपा चाकू

*घायल छात्र को कैथल के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जींद के गांव संडील के प्राइवेट स्कूल में सोमवार को एक छात्र ने दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्र को उपचार के लिए कैथल के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव संडील के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को 11 वीं में पढने वाले हितेश पर सहपाठी गांव मांडी कलां निवासी आयुष ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें दो चाकू हितेश के पेट में तथा एक चाकू कोहनी में जा लगा। जिसमें हितेश खून से लथपथ होकर गिर गया। अन्य सहपाठियों द्वारा शोर मचाए जाने पर स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंच गया और घायल हितेश को नागरिक अस्पताल कैथल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने हितेश की गंभीर हालात देख पीजीआई चडीगढ़ रेफर कर दिया। मगर परिजन उसे कैथल के निजी अस्पताल ले गए। बताया जाता है कि दोनों छात्रों के बीच कुछ दिन पहले आपस में कहासुनी हो गई थी। उस दौरान स्कूल स्टाफ ने दोनों को समझा बुझा कर उन्हें शांत कर दिया था। बावजूद इसके हमलावर छात्र उससे खफा था और चाकू लेकर स्कूल पहुचा था। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फर्जी सिम-ऑनलाइन ठगी गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

**नूंह।** नूंह जिले की साइबर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह पर शिकंजा कसते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई तीन अलग - अलग मामलों में की, जिसमें शाहपुर नंगली, चांदडाका और खेडला पुन्हाना गांवों के आरोपी शामिल हैं। यह जानकारी हरिंदर कुमार डीएसपी मुख्यालय नूंह ने पत्रकारों को दी। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक ओमबीर के नेतृत्व में बनी पुलिस टीम गुप्त सूचना पर कार्रवाई की।

# चंडीगढ़ सीएम आवास की ओर जा रहे सफाई कर्मियों को पुलिस ने रोका

*3 को सोनीपत से निकले थे, अपनी मांगें सीएम के सामने रखने के लिए शुरू किया था पैदल मार्च*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

सोनीपत से आए सफाई कर्मचारियों को यहां रोक लिया गया। ये कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर जा रहे थे। कर्मचारियों का कहना है कि उनसे पक्का काम तो कराया जाता है, लेकिन नौकरी की सुरक्षा नहीं दी जाती। ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के अध्यक्ष मुकेश टांक ने बताया कि जॉब सुरक्षा नीति लागू होने के बाद कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। इस नीति के तहत वही कर्मचारी पात्र माने गए हैं, जो 15 अगस्त 2024 तक सेवा में हों और कम से कम पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों। साथ ही, हर वर्ष न्यूनतम 240 दिन कार्यरत रहकर वेतन प्राप्त किया हो। नगर निगम अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया है कि ठेकेदारों के माध्यम से लगे कर्मचारी इस योजना के दायरे में आएंगे या नहीं। इसी कारण सफाई कर्मचारी वे मुख्यमंत्री आवास के लिए जा रहे थे। टांक ने कहा कि नगर निगम ने शहर के ठेका सफाई कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। वे सोनीपत से 3 सितंबर को निकले हैं। नगर निगम कार्यालय से पैदल यात्रा करते हुए मुख्यमंत्री के निवास चंडीगढ़ तक पहुंचने के लिए ये पैदल चले थे।

**फर्जी कार्रवाई के मामले में न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई**

# स्वास्थ्य विभाग के डीजी पर फतेहाबाद में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

फतेहाबाद वर्ष 2017 में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई कथित फर्जी कार्रवाई के मामले में न्यायालय के आदेश पर फतेहाबाद पुलिस ने सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. गिरीश कुमार, तत्कालीन सीएमओ एंव हेल्थ सर्विसेज डायरेक्टर पंचकूला डॉ. मनीष बंसल और लिपिक एवं पोली क्लीनिक क्लीनिक सीएसओ हुड्डा सेक्टर फतेहाबाद भानु प्रताप के खिलाफ आईपीएस की धारा 182, 195, 420, 467, 468, 471, 120-बी व 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एडवोकेट नरेश सोनी ने डॉक्टर संजीव कथूरिया और उनकी पत्नी डॉक्टर नीलम कथूरिया की ओर से डायर इस्तगासा के तहत अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक षड्यंत्र के तहत उन्हें बदनाम करने और मोटी रकम वसूलने के मकसद से झूठा केस बनाया। डॉ. संजीव कथूरिया ने बताया कि 29 दिसंबर 2017 को एक महिला को अस्पताल में जांच के बहाने भेजा गया, जिसका गर्भपात पहले ही किसी अन्य अस्पताल में हो चुका था। जैसे ही डॉक्टर नीलम ने महिला की स्थिति को समझने की कोशिश की, उसी दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पर छापा मार दिया। आरोप है कि इस कार्रवाई से पहले डॉक्टर गिरीश कुमार द्वारा डॉक्टर दंपति से मोटी रकम मांगी गई थी। पैसे देने से इनकार करने पर यह फर्जी कार्रवाई की गई। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि डॉ. गिरीश और तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ. मनीष बंसल ने पुलिस अधिकारियों से सांठगांठ कर केस दर्ज कराया, जिससे डॉक्टर दंपति को नाजायज रूप से जेल भी जाना पड़ा।

**उपलब्धि** बागवानी फसलों पर फल मक्खी के प्रकोप को कम करने के लिए फ्रूट फ्लाई ट्रैप प्रभावी

*ट्रैप की कीमत 130 रुपये प्रति ट्रैप रखी गई*

# हकृवि के कीट विज्ञान विभाग ने कम कीमत का फ्रूट फ्लाई ट्रैप किया लॉन्च

*एक एकड़ फसल में 14 से 16 ट्रैप लगाने की सिफारिश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग द्वारा फल मक्खी प्रबंधन के समाधान के लिए कम कीमत का फ्रूट फ्लाई ट्रैप विकसित किया गया है।बागवानी फसलों पर कीटों के कारण काफी नुकसान और इसकी गुणवत्ता पर भी प्रभाव पड़ता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज ने ट्रैप का शुभारंभ करते हुए कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों को बधाई दी। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि शोध एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। कीटनाशकों के प्रयोग को कम करके आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने व इसके बढ़ते खर्चे को कम करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा में बागवानी फसलों व सब्जियों का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है। इन फसलों पर विभिन्न प्रकार के कीट नुकसान पहुंचाते हैं इनमें मुख्य रूप से फल मक्खी का आक्रमण सबसे अधिक होता है। यह अकेले 90 से 100 प्रतिशत अमरुद, 85 से 90 प्रतिशत किन्नू, 80 प्रतिशत नाशपाति, 78 प्रतिशत आड़ू तथा 30 प्रतिशत तक आम की फसल में नुकसान कर सकती है।




हिसार। फ्रूट फ्लाई ट्रैप को लॉच करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ।

### कीटनाशकों पर निर्भरता घटेगी

फल मक्खी तरबूज, खरबूजा, खीरा, तोरई, करेला, कद्दू तथा परवल जैसी फसलों में किसानों को 30 से 80 प्रतिशत तक उत्पादन की हानि उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि इस ट्रैप के उपयोग से कीटनाशकों पर निर्भरता घटेगी, किसानों की लागत कम होगी और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित फल और सब्जियां उपलब्ध हो सकेंगी ।

### टहनी या खूंटी पर आसानी से लगाया जा सकता

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि इस ट्रैप की कीमत 130 रुपये प्रति ट्रैप रखी गई है। इसके साथ उपयोग होने वाला सेप्टा 100 रुपये प्रति नग उपलब्ध है। एक एकड़ फसल में 14 से 16 ट्रैप लगाने की सिफारिश की जाती है। उन्होंने बताया कि इस ट्रैप को खेत में टहनी या खूंटी पर आसानी से लगाया जा सकता है। सेप्टा को समय-समय पर बदलकर प्रयोग में लाया जा सकता है।

### मौजूद रहे

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, वित्त नियंत्रक डॉ नवीन जैन, कीट विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुनीता यादव, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. जीतराम शर्मा, डॉ. सोमवीर निंबल, डॉ. सुरेश सीला आदि मौजूद रहे।

### गन्नौर: रेलवे रोड पर बाइक में लगी आग, कूदकर बचाई जान



गन्नौर। रेलवे रोड पर धूं-धूं कर जलती टीवीएस अपाचे बाइक।

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अदालत जा रहे एक युवक की बाइक अचानक धू-धू कर जल उठी। गनीमत रही कि युवक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बाइक से कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार गांधी नगर निवासी प्रवीण किसी कार्य से अपनी टीवीएस अपाचे बाइक पर गन्नौर लघु सचिवालय की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह लघु सचिवालय के समीप पहुंचा, बाइक में शार्ट सर्किट हो गया। देखते ही देखते बाइक में आग भड़क उठी। अचानक उठती लपटें देखकर राहगीरों में भी हड़कंप मच गया। प्रवीण ने तत्काल बाइक से कूदकर खुद को सुरक्षित किया और दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक पूरी बाइक जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे से कोई जनहानि नहीं हुई।

